तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, बुधवार 23 जुलाई 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोंड़ीउपरोड़ा

4 अपर आयुक्त लोगों से हुए रूबरू, समस्याओं के निराकरण के दिए निर्देश



2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.Sc. NURSING & M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482
81030 45003
Website : ssscn.ac.in

### चैतन्य की गिरफ्तारी के विरोध में सड़कों पर उतरे कांग्रेसी

# कटघोरा में कांग्रेस की आर्थिक नाकेबंदी, दो घंटे हाईवे रहा जाम

### कोरबा-बिलासपुर नेशनल हाईवे पर किया चक्काजाम



कटघोरा बिलासपुर नेशनल हाईवे पर चक्काजाम करते कांग्रेसी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा/कटघोरा

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी के विरोध में कांग्रेस ने कटघोरा में आर्थिक नाकेबंदी कर अपना विरोध जताया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दोपहर 12 से 2 बजे तक नेशनल हाईवे 130 (कोरबा-बिलासपुर-अंबिकापुर मार्ग) को ढाई घंटे तक जाम कर दिया, जिससे क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियां प्रभावित रहीं।

कांग्रेस के सैकड़ों कार्यकर्ताओं और नेताओं ने कटघोरा के जेन्जरा चौक पर चक्काजाम कर ईडी और भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इस प्रदर्शन के दौरान ट्रक, डंपर, मालवाहक वाहन पूरी तरह रोक दिए गए, हालांकि एम्बुलेंस और स्कूल बसों को छूट दी गई। कांग्रेस का आरोप है कि ईडी की कार्रवाई राजनीतिक प्रेरित है और विपक्ष की आवाज दबाने का प्रयास है। आर्थिक नाकेबंदी का नेतृत्व प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सह सचिव हरीश परसाई, ग्रामीण जिलाध्यक्ष मनोज चौहान, रामपुर विधायक फूलसिंह राठिया, पूर्व विधायक पुरषोत्तम कंवर, पाली-तानाखार के पूर्व विधायक मोहितराम केरकेट्टा, नगर पालिका अध्यक्ष राज जायसवाल और शहर कांग्रेस अध्यक्ष राजीव लखनपाल, युवक कांग्रेस के ग्रामीण जिलाध्यक्ष विकास सिंह सहित अन्य पदाधिकारियों ने किया। उल्लेखनीय है कि 18 जुलाई को ईडी ने चैतन्य बघेल को भिलाई से गिरफ्तार किया। ईडी का आरोप है कि छत्तीसगढ़ शराब घोटाले से मिली ब्लैक मनी का उपयोग चैतन्य ने रियल एस्टेट में निवेश करने के लिए किया, जिससे उन्हें करीब 16.70 करोड़ रुपये का लाभ मिला। चैतन्य को रायपुर की विशेष अदालत ने 22 जुलाई तक 5 दिन की ईडी रिमांड पर भेज दिया है। कांग्रेस ने इसे राजनीतिक बदले की कार्रवाई बताया है। इस दौरान रामपुर विधायक फूलसिंह राठिया ने कहा कि भाजपा पूरे देश में लोकतंत्र की हत्या कर रही है। छत्तीसगढ़ को अडाणी का गढ़ नहीं बनने देंगे। ये लड़ाई जल, जंगल और जमीन की है। पूर्व विधायक मोहितराम केरकेट्टा ने कहा कि ईडी निर्दोष नेताओं को सता रही है। मोदी सरकार ईडी को अपने घर की एजेंसी बना चुकी है। पहले अडाणी द्वारा की जा रही लूट को रोका जाए। प्रदेश कांग्रेस के सह-सचिव हरीश परसाई ने कहा कि ईडी की कार्रवाई दुर्भावनापूर्ण है। भाजपा सरकार छत्तीसगढ़िया लोगों को डराकर और झूठे मामलों में फंसाकर सत्ता का दुरुपयोग कर रही है। जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष मनोज चौहान ने कहा कि भाजपा सरकार और केंद्र की जांच एजेंसियां विपक्षी नेताओं को टारगेट कर रही हैं। यह लोकतंत्र के खिलाफ है। आर्थिक नाकेबंदी के दौरान शहर कांग्रेस अध्यक्ष नत्थूलाल, सांसद प्रतिनिधि सुरेश सहगल, श्याम सुंदर सोनी, तनवीर अहमद, विकास शुक्ला, टीएन सिंह, पवन शर्मा और सुरेश शर्मा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कटघोरा गोरेलाल यादव, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष असरफ मेमन, कटघोरा शहर कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष अरमान सिद्दीकी, हसन अली, अमन हसन, हरीश यादव, निसार अहमद, रामपुर से विधायक प्रतिनिधि प्रवीण वोगरे सहित अन्य उपस्थित रहे।

### पुतला दहन के दौरान पुलिस से हुई झूमाझटकी



युवक कांग्रेस के ग्रामीण जिलाध्यक्ष विकास सिंह और उनके कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का पुतला फूंका। इस दौरान पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच झूमाझटकी हुई और पुलिस को पानी का छिड़काव करना पड़ा।

### क्या है शराब घोटाला

ईडी के अनुसार, छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाले में करोड़ों रुपये की अवैध कमाई हुई। यह पैसा कथित तौर पर राजनीतिक संरक्षण में रियल एस्टेट में लगाया गया, जिसमें चैतन्य बघेल की संलिप्तता सामने आने का दावा किया गया है। हालांकि कांग्रेस का कहना है कि यह कार्रवाई राजनीतिक रूप से प्रेरित है और लोकतांत्रिक आवाजों को दबाने की कोशिश है।

# आईटी कालेज को वित्तीय संकट से उबारने शुरु हुई कवायद



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा आईटी कॉलेज के भविष्य को संवारने की कवायद शुरु करते हुए कलेक्टर कार्यालय में जिले के औद्योगिक प्रतिष्ठानों की आहूत बैठक में कलेक्टर ने सभी औद्योगिक प्रतिष्ठानों को संस्था के निर्बाध रुप से संचालन के लिए अपनी भागीदारी देने एवं प्रत्येक संस्थान कॉलेज के दस दस छात्रों को रोजगार देने के निर्देश दिये। बालको ने संस्थान के सुचारु रुप से संचालन हेतु 2 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता देने की बात कही।

### खास बात

- प्रत्येक प्रतिष्ठानों को कॉलेज के 10-10 छात्रों को रोजगार देने के निर्देश

कलेक्टर अजीत वसंत ने बैठक में आईटी कोरबा की वर्तमान वित्तीय स्थिति, संस्थान की चुनौतियाँ, संचालन से जुड़ी आवश्यकताओं और भविष्य की कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि संस्थान गंभीर वित्तीय संकट से जूझ रहा है, जिससे कर्मचारियों के वेतन, संचालन व्यय एवं अन्य मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करने में कठिनाई हो रही है। उन्होंने संस्थान को इस संकट से उबारने हेतु सभी औद्योगिक उपक्रमों को सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए। जिससे कॉलेज का नियमित संचालन सुनिश्चित किया जा सके। कलेक्टर श्री वसंत ने बालको को चालू वित्तीय वर्ष में संस्था को न्यूनतम 2 करोड़ की वित्तीय सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए। इसके लिए बालको बोर्ड की मीटिंग में प्रस्ताव रखकर कर स्वीकृति लेने के लिए कहा। साथ ही अन्य सभी औद्योगिक संस्थानों को भी आईटी कोरबा के संचालन में प्रत्यक्ष भागीदारी निभाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि कोई औद्योगिक संस्थान आईटी कॉलेज के संचालन में रूचि रखता है, तो वह औपचारिक स्वीकृति प्रदान कर सकता है। साथ ही कॉलेज के भविष्य के संचालन हेतु उद्योगों की आवश्यकता के अनुरूप रोजगारोन्मुखी डिग्री/डिप्लोमा पाठ्यक्रम प्रारंभ करने हेतु भी औद्योगिक प्रतिष्ठानों को विचार कर प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने सभी औद्योगिक प्रतिष्ठानों को प्लेसमेंट के माध्यम से प्रतिवर्ष आईटी कॉलेज कोरबा से अध्ययनरत 10-10 विद्यार्थियों को अपने यहां नियोजित करने के निर्देश दिए। बैठक में बालको, एसईसीएल, एनटीपीसी आदि औद्योगिक उपक्रमों के अधिकारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### ठेका श्रमिकों ने 30 जुलाई को खदान बंदी आंदोलन की दी चेतावनी

**कोरबा।** एसईसीएल कोरबा क्षेत्र के मानिकपुर खदान एक बार फिर मजदूरों के असंतोष का केंद्र बन गई है। खदान में कार्यरत कलिंगा कमर्शियल कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा दो माह पूर्व कार्य से निकाले गए लगभग 80 ठेका कर्मचारियों ने एसईसीएल प्रबंधन को चेतावनी दी है कि यदि 30 जुलाई तक सभी मजदूरों की बहाली नहीं हुई तो खदान का संचालन पूरी तरह ठप कर दिया जाएगा। ठेका कर्मचारियों का आरोप है कि खदान में स्थानीय भू-विस्थापितों को रोजगार देने के बजाय बाहरी मजदूरों को काम पर रखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि मई माह में प्रबंधन ने बिना किसी पूर्व सूचना के उन्हें यह कहते हुए काम से हटा दिया कि ओवरबर्डन फेस पर बारिश का पानी भर गया है। मजदूरों ने इस स्थिति को केवल एक बहाना करार देते हुए कहा कि असल मंशा स्थानीय मजदूरों को बाहर का रास्ता दिखाकर बाहरी लोगों को रोजगार देना है।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में निःशुल्क कैंसर जॉच एवं परामर्श शिविर कल

**कोरबा।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग एवं बालको मेडिकल सेंटर में 24 जुलाई को प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक सामु.स्वास्थ्य केन्द्र कटघोरा में निःशुल्क कैंसर जॉच एवं परामर्श शिविर आयोजित किया जाएगा। इस शिविर में विश्व स्तरीय कैंसर विशषज्ञों द्वारा जॉच एवं परामर्श दिया जाएगा। तथा मेमाग्राफी मशीन, मुख कैसर परीक्षण (ब्रश साईटोलॉजी), स्त्री कैंसर रोग संबंधी परीक्षण (पेप स्मीयर) सेवायें उपलब्ध होंगी। मुख्य चिकत्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एसएन केशरी ने बताया कि किसी भी महिला या पुरूष में लक्षण दिख रहे हैं जैसे स्तन में गॉठ, मुंह में अल्सर या गले में गॉठ, मल या मूत्र विसर्जन की आदतों में परिवर्तन, थकान व वजन में अनापेक्षित बदलाव, लगातार खांसी या सांस लेने में तकलीफ, खून की कमी, सिकलसेल एनीमिया, थैलेसिमिया, रक्त संबंधित बिमारियां, निगलने में कठिनाई या आवाज में बदलाव, रक्तस्त्राव या चोट न भरना, रजोनिवृत्ति के बाद रक्त जाना या असामान्य मासिक धर्म होना ये कैंसर के लक्षण हो सकते हैं।

### कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु मेरिट सूची जारी, 25 तक दावा आपत्ति

**कोरबा।** पं. जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजना के तहत शैक्षणिक सत्र 2025-26 में कक्षा 6वीं में प्रवेश परीक्षा 30 मार्च को आयोजित किया गया था। जिसका परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। परीक्षा में सम्मलित हुए छात्र-छात्राओं का अंकों के आधार पर मैरिट सूची जारी किया गया है, जिसका अवलोकन जिले की वेबसाइट एवं सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कोरबा के सूचना पटल में किया जा सकता है। इस संबंध में दावा आपत्ति 25 जुलाई के शाम 5 बजे तक कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास में जमा किया जा सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात किसी प्रकार का दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किया जाएगा।

### स्वतंत्रता सद्भावना दौड़ की तैयारी शुरु

**कोरबा।** 14 अगस्त को प्रातः 8 बजे सद्भावना दौड़ का आयोजन किया जाएगा। इस दौड़ में सभी नागरिक, छात्र-छात्राएं, अधिकारी कर्मचारी भाग ले सकते हैं। यह दौड़ घंटाघर चौक से प्रारंभ होकर निहारिका-सुभाष चौक बायां मुड़ते हुए विद्युत गृह स्कूल -बुधवारी बाजार चौक जैन मंदिर से-महाराणा प्रताप चौक से होते हुए पुनः घंटाघर स्थित ओपन थियेटर में समाप्त होगी।

# पिछड़ी संरक्षित जनजाति बसाहट क्षेत्रों में पीडीएस दुकान की दरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बीते एक वर्ष से पीएम जनमन योजना अंतर्गत जिले के 27 पिछड़ी संरक्षित जनजाति बसाहट क्षेत्रों में विकास और सुविधाएं बढ़ाने का कार्य चल रहा है। किंतु अब तक एक भी बसाहट क्षेत्रों में पीडीएस दुकानों का संचालन खाद्य विभाग शुरु नहीं कर सकता है। इसके लिए उसे गर्मी में उन्हें निर्देश जारी किए जा चुके हैं किंतु विभाग के द्वारा 15 दिन पूर्व दुकान संचालित करने आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

### खास बात

- एक वर्ष से चल रहे हैं बसाहट क्षेत्रों में विकास के काम

जनजाति बसाहट क्षेत्रों वाले विकास कार्यों की कड़ी में सभी विभागों को उनकी योजनाओं के अनुसार बीते एक वर्ष से काम सौंपा गया है। इनमें आरईएस को सड़क निर्माण, महिला बाल विकास विभाग को आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन, खाद्य विभाग को पीडीएस दुकानों का संचालन स्वास्थ्य विभाग को उप स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना शामिल है। इनमें महिला बाल विकास विभाग के द्वारा बसाहट क्षेत्रों के ग्रामीणों के घर में ही वैकल्पिक तौर पर केंद्रों का संचालन शुरु किया है किंतु खाद्य विभाग के द्वारा बीते एक वर्ष से चल रही इस जनमन योजना अंतर्गत चयनित 27 पिछड़ी संरक्षित जनजाति बसाहट क्षेत्रों में कहीं भी पीडीएस दुकान का संचालन शुरु नहीं किया जा सका है। विभाग के द्वारा दुकान संचालित करने के मामले में जिस तरह से उदासिनता बरती जा रही है उससे बरसात के दिनों में जनजाति क्षेत्रों के ग्रामीण परिवारों को खाद्यान्न के लिए दूसरे गांव जाना पड़ता है। विभाग ने 15 दिन पहले पीडीएस दुकान शुरु करने के संबंध में आवेदन मंगाने की प्रक्रिया शुरु की है।

### आश्रित ग्राम है जनजाति बसाहट क्षेत्र

जिले में 27 जनजाति बसाहट क्षेत्र ग्राम पंचायतों के आश्रिम ग्राम में शामिल हैं। इनमें किसी को भी ग्राम पंचायत का दर्जा नहीं मिला है। हालांकि डोकरमना को ग्राम पंचायत का दर्जा दिया गया है लेकिन इसके आसपास के बसाहट क्षेत्र इससे दूर स्थित है और वर्तमान में डोकरमना में भी पीडीएस दुकान का संचालन शुरु नहीं हुआ है। ग्राम के सरंपच सभवतः जिले की सबसे कम उम्र की सरपंच होगी जिसके द्वारा पीडीएस दुकान के संचालन को लेकर जिला प्रशासन से पत्र व्यवहार किया जा रहा है।

### तीन माह का राशन से कहीं वंचित न हो जाए

शासन के द्वारा जून माह से तीन माह का एक साथ खाद्यान्न देने की योजना शुरु की गई है। इसके तहत बसाहट क्षेत्रों में निवास करने वाले ग्रामीणों को इस बात की चिंता है कि दुकान शुरु नहीं होने से उनके हिस्से में आना वाले तीन माह के खाद्यान्न से वंचित न हो जाए। वर्तमान में खाद्यान्न लेने के लिए बसाहट क्षेत्रों के ग्रामीणों को पंचायत मुख्यालय जाना पड़ता है और वहां भी दुकानों का संचालन नियमित और सही समय से नहीं होने के कारण उन्हें तीन तीन दिन लगातार जाने की मजबूरी हो जाती है।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI KORBA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
सेकेण्ड फ्लोर, एस.एस. प्लाजा, पावर हाउस रोड, कोरबा (छ.ग.)
89595-93920 • 89595-44444

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
माह अगस्त 2025
जन्मदिन उत्सव फॉर्मेट
नोट : 1 अगस्त से 31 अगस्त तक जिन पाठकों का जन्मदिन हो अपना फॉर्मेट भरकर 25 जुलाई 2025 तक जमा कर सकते हैं।
अब हर माह आप बनेंगे भाग्यशाली विजेता
महाबम्पर ड्रॉ में शामिल होने का सुनहरा अवसर
प्रथम पुरस्कार 1 तोला, 5 नग सोने का हार
द्वितीय पुरस्कार 1 स्कूटी (EV)
तृतीय पुरस्कार 2 नग रेफ्रीजरेटर
चतुर्थ पुरस्कार 3 नग LED TV
सांत्वना पुरस्कार 1100

कार्यालय प्रति
पाठक का नाम ______ मो.नं. ______
पिता का नाम ______ जन्मतिथि ______
स्थान ______ जिला ______
एजेंसी का नाम ______
एजेंसी का पता ______ मो.नं. ______

नियम व शर्ते : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।

हरिभूमि ग्राहक प्रति जन्मदिन उत्सव
पाठक का नाम ______ मो.नं. ______
पिता का नाम ______ जन्मतिथि ______
स्थान ______ जिला ______
एजेंसी का नाम ______
एजेंसी का पता ______ मो.नं. ______

## खबर संक्षेप

### पत्नी को प्रताड़ित कर मारपीट, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर**। पत्नी को प्रताड़ित कर मारपीट करने वाले पति के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, मुंगेली नाका चौक निवासी सविता केशरवानी ने रिपोर्ट लिखाई है कि उनका पति लखन केशरवानी विगत 5 साल से मानसिक, शारारिक रूप से प्रताड़ित गाली गलौज करते हैं। रात को 12 से 1 बजे घर आते हैं और पूछने पर दारू पीने के बाद मारपीट कर जान से मारने की धमकी देते हैं। 20 जुलाई को भी उनके साथ मारपीट किया गया है। वह अब प्रताड़ना से त्रस्त हो गई है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर पति लखन केशरवानी के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### फर्जी सिम जालसाजों को देने वाला एजेंट गिरफ्तार

**बिलासपुर**। दूसरे की आईडी से फर्जी सिम जारी कराकर जालसाजों को उपलब्ध कराने वाले एजेंट को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। तारबाहर पुलिस के अनुसार बेमेतरा निवासी अजय कुमार सेन रायपुर में रहकर काम करते हैं। उन्होंने अपना आईडी जमाकर मोबाइल सिम कार्ड लिए थे। उसके बाद उनके आईडी से वर्ष 2024 में 2 फर्जी सिम कार्ड जारी कराकर आनलाइन ठगी करने वाले जालसाजों को उपलब्ध करा दिया गया था। वर्तमान में उन्हें पता चला उनके नाम से फर्जी सिम कार्ड जारी किया गया है। जांच में खुलासा हुआ राजीव प्लाजा में संचालित वोडा, आईडिया मोबाइल कंपनी का एजेंट मुंगेली बलौदी निवासी धर्मेन्द्र कुमार बंजारे द्वारा उनके आईडी का दुरुपयोग करते हुए फर्जी सिम कार्ड जारी कर जालसाजों को उपलब्ध कराया गया है। पुलिस ने श्री सेन की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 66 सी, 318, 4, 42, 3, 42, 6 के तहत जुर्म दर्ज कर एजेंट धर्मेन्द्र कुमार बंजारे को गिरफ्तार कर लिया है।

### राजमिस्त्री के सूने घर में चोरी, जांच में जुटी पुलिस

**बिलासपुर**। राजमिस्त्री के सूने घर से चोरों ने जेवर व नकद रकम चोरी कर लिया है। पुलिस जांच में जुट गई है। सकरी पुलिस के अनुसार भरनी डबरीपारा निवासी रोशन लाल लहरे पिता मनकराम लहरे राजमिस्त्री का काम करते हैं। 21 जुलाई को वह काम करने बिलासपुर आ गए। उनकी पत्नी खेत चली गई और बच्चे स्कूल चले गए थे। शाम 4 बजे छुट्टी होने पर बच्चे घर आए तब चोरी की जानकारी हुई। सामान अस्त व्यस्त पड़े था और आलमारी से चांदी की बिछिया, पायल, सोने की फुल्ली, 10 हजार रुपए नकद चोरी हो गई थी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।



### करंट से युवक की मौत आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर**। खेत में करंट लगने से युवक की मौत के मामले में जांच के बाद खेत मालिक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पचपेड़ी पुलिस के अनुसार एक खेत में लगे करंट की चपेट में आने से पंकज कुमार जगत की मौत हो गई थी। जांच में खुलासा हुआ कि खेत मालिक ग्राम कोकड़ी निवासी प्यारे मोहन यादव पिता मुकुंदा यादव 40 साल द्वारा झटका तार में करंट लगाया गया था। जांच के बाद पुलिस ने गैर इरादतन हत्या बीएनएस की धारा 105 के तहत प्यारे मोहन यादव को गिरफ्तार कर लिया है।

---

**कोटा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की हालत** — लाखों की मशीनें भी अस्पताल में हो रही कंडम, हर तरफ है अव्यवस्था का आलम

# अस्पताल में 3 गायनिक डॉक्टर, फिर भी महतारियों को लगाना पड़ रहा शहर का चक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- अस्पताल में एनेस्थेटिक डॉक्टर की कमी
- आला अधिकारी साध चुके हैं चुप्पी

स्वास्थ्य विभाग ने कोटा क्षेत्र के मरीजों के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोटा में कई सुविधाओं का विकास किया है। आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र होने के नाते महतारियों को सुरक्षित मातृत्व की गारंटी तक विभाग द्वारा दी जाती है, लेकिन अस्पताल में 3 गायनिक डाक्टर की पदस्थापना के बाजवूद सिजिरियन डिलीवरी बंद कर दिया गया है। कभी कभार नार्मल डिलीवरी कराई जाती है लेकिन सुविधाओं के लिहाज से वह भी गिनती की है। ऐसे में महतारियों को सीधे शहर के अस्पतालों के चक्कर लगाने को मजबूर होना पड़ रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र स्वास्थ्य सुविधाओं के बाद भी लचर व्यवस्थाओं का शिकार हो चुका है। महीनों से प्रसव सुविधा का लाभ गर्भवती महिलाओं को नहीं मिल रहा है। मरीजों को इलाज और आपरेशन के लिए सीधे शहर के अस्पतालों तक पहुंचना पड़ रहा है। दरअसल विभाग ने यहां गायनिक डाक्टर पारूल जोगी, डॉ. रेणुका सैमुअल, डॉ. रिचा तिवारी की पदस्थापना की है, लेकिन महतारियों को डाक्टरों का इलाज नहीं मिल रहा है, बताया जा रहा है कि एक डाक्टर स्वयं ही बीमार है और छुट्टी पर है। वहीं बाकी के डाक्टर कभी कभार ही डिलीवरी के दौरान उपस्थित रहती है। अस्पताल में आपरेशन थिएटर भी फंक्शनल स्थिति में नहीं है। जिसके कारण अव्यवस्था बनी हुई है। सूत्रों के अनुसार अस्पताल में एनेस्थेटिक नहीं है, जिसके कारण आपरेशन किया जाना संभव ही नहीं हो पा रहा है, इस ओर ना तो स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का ध्यान है और ना शासन द्वारा पदस्थापना की जा रही है।




### रतनपुर में भी बंद है आपरेशन

कोटा ब्लॉक के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के बाद रतनुपर स्वास्थ्य केन्द्र भी बदहाल है, एक्का दुक्का डाक्टर के भरोसे 40 से अधिक मरीज रहते है। कुछ माह पहले लाखों रूपए खर्च कर नया बिल्डिंग बनाया गया है। आपरेशन थिएटर में नई मशीनों का इंस्टालेशन किया गया है, लेकिन अस्पताल में एनेस्थेटिक नहीं होने के कारण सिजिरियन डिलीवरी ही बंद हो चुकी है।

### लाखों के उपकरण, हो रहे कबाड़

बताया जा रहा है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में मरीजों के लिए ईसीजी, एक्सरे जैसी सुविधा उपलब्ध कराई गई है, लेकिन ईसीजी मशीन का केबल खराब होने के बाद इसे कंडम बनाकर रख दिया गया है। ऐसा ही हाल एक्सरे मशीन का है, कभी मशीन चलती है, कभी खराब हो जाती है, जिससे मरीजों को सुविधाएं नहीं मिल पा रही है।

### बीएमओ से ली जाएगी जानकारी

मस्तुरी की तरह कोटा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की नई बिल्डिंग का निर्माण किया जा रहा है, इसमें थोड़ा समय लग रहा है। एक गायनिक डाक्टर छुट्टी पर है। आपरेशन किस लिए बंद है, बीएमओ से जानकारी ली जाएगी।

**-डॉ शुभा गढ़ेवाल,**
सीएमएचओ, स्वास्थ्य विभाग

---

दो घंटे तक चला कांग्रेस का आंदोलन, ईडी और सीबीआई के दुरूपयोग का लगाया आरोप

# कांग्रेस की नाकाबंदी, कई किमी तक जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- प्रदेशभर में कांग्रेस नेताओं ने की आर्थिक नाकेबंदी

कांग्रेस के रायपुर रोड पर की गई नाकाबंदी के कारण कई किमी तक सैकड़ों ट्रकों की लाइन लग गई। इससे घंटो जाम की नौबत रही और लोग परेशान होते रहे। करीब दो घंटे तक बिलासपुर, रायपुर, कोरबा, जांजगीर-चांपा रूट की गाड़ियां जाम में फंसी रही। बाईपास से लेकर नेशनल हाईवे तक कई किमी दूर तक ट्रक, हाइवा, बस आदि भारी वाहनों की कतार लगी।

दरअसल प्रदेश में चर्चित शराब घोटाला मामले में ईडी द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल को गिरफ्तार किया गया है। इसके खिलाफ प्रदेश भर में कांग्रेस ने विरोध करते हुए आर्थिक नाकेबंदी और चक्काजाम किया। इस दौरान कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता नेशनल हाईवे बिलासपुर-रायपुर मुख्यमार्ग को घेरकर वहां पंडाल लगाकर धरने पर बैठे रहे। जिसके चलते किसी भी दोपहिया, चारपहिया या अन्य भारी वाहनों का एक तरफ से दूसरे तरफ आवाजाही बंद रहा। केवल एम्बुलेंस वाहन को ही चक्काजाम के दौरानगुजरने दिया गया। चक्काजाम दौरान तखतपुर, बिल्हा, मस्तूरी, बेलतरा, कोटा और बिलासपुर विधानसभा से प्रदेश पदाधिकारी, शहर जिला कार्यकारिणी, महिला कांग्रेस, सेवादल, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई और सभी प्रकोष्ठ, मोर्चा विभाग के पदाधिकारी, कार्यकर्ता शामिल हुए।



प्रदर्शन के दौरान कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने दो घंटे तक सड़क जाम रखी।

### छत्तीसगढ़ महतारी के अस्मिता की लड़ाईः महंत

नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने कहा कि यह लड़ाई कांग्रेस व भाजपा की नहीं है। यह लड़ाई छत्तीसगढ़ महतारी की अस्मिता की है, जिसे भाजपा के केंद्र और राज्य सरकार उद्योगपति के हाथों बेचना चाह रहे हैं।

उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ महतारी के गर्भ खनिज संपदा से परिपूर्ण है, जिसमें लिथियम, यूरेनियम, लोहा, टीन, बक्साईड, हीरा जैसे कीमती धातुएं है। कोयला निकालने के लिए हसदेव अरण्य के बाद तमनार जंगल को उजाड़ा जा रहा है। विरोध करने पर ईडी और सीबीआई भेजा जा रहा है तथा जबरदस्ती केस में फंसाया जा रहा है। महंत ने कहा कि देश मे कल दो बड़ी घटनाएं हुई है, जिससे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की कार्यशैली स्पष्ट होती है। उपराष्ट्रपति का दबावपूर्वक इस्तीफा लेना और ईडी के दुरुपयोग पर सर्वोच्च न्यायालय की टिप्पणी करना। नरेंद्र मोदी एक तानाशाह की तरह काम कर रहे हैं।



वाहनों की लगी रही कतार।

### आदिवासी समाज सबसे अधिक परेशान

इस नाकेबंदी के प्रभारी कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने कहा कि जब विष्णुदेव साय मुख्यमंत्री बने तो ऐसा लगा आदिवासी समाज का चहुमुंखी विकास होगा पर आज सबसे ज्यादा परेशान हैं आदिवासी समाज ही है। उनकी संस्कृति पर हमला हो रहा है। जंगल उजाड़कर आदिवासी समाज को बेघर करने की कोशिश हो रही है। शहर अध्यक्ष विजय पांडेय और मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया ने भी भाजपा पर आरोप लगाया। नाके बंदी में नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, विधायक अटल श्रीवास्तव, विधायक दिलीप लहरिया, शहर अध्यक्ष विजय पांडेय, पूर्व विधायक श्रीमती रश्मि आशीष सिंह, सियाराम कौशिक, शैलेष पांडेय, पूर्व महापौर रामशरण यादव, आशीष सिंह, राजेन्द्र शुक्ला, प्रमोद नायक, रविन्द्र सिंह, शेख नजीरुद्दीन, देवेंन्द्र सिंह, पंकज सिंह, महेंद्र गंगोत्री व अन्य कांग्रेसी उपस्थित थे।

### जल, जंगल, जमीन छत्तीसगढ़ियों की

कांग्रेस के नाकाबंदी में किन्हीं कारणों से जिलाध्यक्ष ग्रामीण विजय केशरवानी उपस्थित नहीं रहे, किन्तु उन्होंने बयान जारी करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के जल, जंगल, जमीन पर छत्तीसगढ़ियों का अधिकार है। जिस तरह भाजपा की सरकार अडानी के ईशारे पर काम कर रही है, सरकार की मंशा साफ नहीं दिखती। किसी भी हालत में कांग्रेस यह होने नहीं देगी। केन्द्र व राज्य की भाजपा सरकार जांच के नाम पर केन्द्रीय जांच एजेंसियों का जमकर दुरुपयोग कर रही है। हर स्तर पर कांग्रेस का विरोध जारी रहेगा।

---

देर रात तालापारा में पुलिस का छापा

# अवैध शराब, हथियार सहित 10 बदमाश गिरफ्तार



बिलासपुर। बीती रात पुलिस ने तालापारा में दबिश देकर अवैध शराब, हथियार सहित 2 युवक, 3 वारंटी व अशांती फैलाने वाले 5 युवकों सहित 10 बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है।

एसएसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर सिविल लाइन सीएसपी निमितेश सिंह परिहार, टीआई एसआर साहू ने बल के साथ तालापारा में संदिग्ध बदमाशों के घरों में दबिश दी गई। इस दौरान एक युवक के घर से अवैध शराब बरामद किया गया है। वहीं एक युवक के पास चापड़ बरामद किया गया है। इसी तरह लंबे समय से फरार चल रहे 3 वारंटियों को पकड़ा गया है। पुलिस ने टीम ने क्षेत्र में देर रात घूम कर अशांती फैलाने वाले 5 बदमाशों को पकड़ा गया है। पुलिस ने आबकारी एक्ट, आर्म्स एक्ट व प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। ज्ञात हो कि इसके पूर्व जरहाभाठा मिनीबस्ती, सिरगिट्टी नयापारा, कुदूदण्ड में छापामार कार्रवाई कर बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई की गई थी। एक दिन पहले महाराणाप्रताप चौक में वाहन चेकिंग के दौरान नशे में धूत कार सवार युवक को पकड़कर एयरगन पिस्टल बरामद किया गया था। पुलिस की लगातार कार्रवाई से शहर में गुण्डो बदमाशों में हड़कंप मचा हुआ है।

### जारी रहेगा अभियान

पुलिस द्वारा यह अभियान जन सुरक्षा एवं क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। यह अभियान निरंतरता जारी रहेगा।

**-निमितेश सिंह परिहार**
सीएसपी सिविल लाइन

### पकड़े गए बदमाश

- मो. अब्दुल्ला तालापारा 4.140 बल्क लीटर शराब
- ताहिर खान 31 साल तालापारा चापड़नुमा हथियार
- प्रेम शर्मा सिंधी कालोनी स्थाई वारंटी
- केशव प्रसाद पाण्डेय जरहाभाठा स्थाई वारंटी
- गोविंदा यादव बिरकोना गिरफ्तारी वारंटी
- करण कुर्रे देर रात घूमते
- अरूण डाहिरे देर रात घूमते
- प्रेम बघेल देर रात घूमते
- अब्दुल रहमान देर रा घूमते
- मोहम्मद कलीम देर रात घूमते

### आनलाइन पेमेंट दिखाकर व्यापारियों को लगाया चूना, गिरफ्तार

बिलासपुर। फर्जी एप से मोबाइल में आनलाइन फर्जी पेमेंट मैसेज दिखाकर सरकण्डा के व्यापारियों को चूना लगाने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

ज्ञात हो कि राधा विहार नहर रोड मोपका निवासी चंद्रकांत साहू पिता संतराम साहू छत्तीसगढ़ फार्मेसी का संचालक है। वे 4 जुलाई की रात 8.54 बजे अपने दुकान में बैठे थे। इसी दौरान एक व्यक्ति दवाई खरीदने आया। उसने 1700 का वेट मशीन, शुगर स्ट्रीप खरीदकर आनलाइन पेमेंट करने की बात कहते हुए अपने मोबाइल में 1700 का भुगतान होने की मैसेज दिखाकर चला गया था। बाद में उन्होंने बैंक स्टेटमेंट देखा तो पता चला भुगतान नहीं हुआ है। उसके द्वारा फर्जी एप से मैसेज दिखकर ठगी किया गया है। इसी तरह सरकण्डा क्षेत्र के ओम मेडिकल स्टोर देवनंदननगर फेस 2, ओम प्राइविजन एवं डेलीनीड्स बहतराई, जय चण्डी मेडिकल स्टोर प्रगति विहार में ठगी किया गया था। व्यापारियों के द्वारा ठगी करने वाले युवक की सीसीटीवी फुटेज पुलिस को उपलब्ध कराया गया था।



फुटेज के आधार पर पुलिस जांच में जुटी हुई थी। आखिरकार पुलिस को व्यापारियों को चूना लगाने वाले युवक को पकड़ने में सफलता मिल गई है। पुलिस ने व्यापारियों को चूना लगाने वाले सरकण्डा सूर्या विहार निवासी तन्मय देवांगन पिता लोमेश देवांगन 25 साल को पकड़ लिया। पुलिस ने दवा व्यापारी चंद्रकांत साहू की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 318, 4 के तहत युवक को गिरफ्तार कर मोबाइल जब्त कर लिया गया है। मामले में पृथक से आईटी एक्ट जोड़ा गया है।

---

# आईएचएसडीपी के 26 मकानों में अवैध कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- विरोध और हंगामे के बीच निगम ने किया मकानों को सील

भूकंप वैधशाला के पास बहतराई में बने आईएचएसडीपी के 26 मकानों में अवैध कब्जा किया गया है। कई बार इन्हें खाली करने के लिए कहा गय लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। मंगलवार को निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की तो हंगामा मच गया। निगम ने विरोध के बीच इन मकानों को खाली कराते हुए अपना ताला लगाया है।

अतिक्रमण शाखा प्रभारी प्रमिल शर्मा ने बताया कि बहतराई में बने आईएचएसडीपी के मकानों में ताला तोड़कर अवैध कब्जा कर लिया गया था। समझाइशन के बाद भी वे लोग कब्जा छोड़ने को तैयार नहीं थे। पुलिस के साथ ही दूसरी कार्रवाई की चेतावनी लगातार दिए जाने के बाद इन मकानों को खाली नहीं किया जा रहा था। इसलिए ही मंगलवार को निगम की टीम मौके पर पहुंची। अतिक्रमण दस्ते को देखते ही कब्जाधारी विरोध और हंगामा करने लगे। गाली गलौच और झूमाझटकी तक की गई। निगम की टीम के साथ पुलिसकर्मी भी मौजूद थे। शुरूआत में मामले को शांति से समझाने की कोशिश की लेकिन इसके बाद भी हंगामा जारी रहा तो पुलिस को सख्ती करनी पड़ी।

निगम के मुताबिक इन मकानों की न पर्ची कटी थी और न किसी प्रकार की अनुमति ली गई थी। पुलिस की मौजूदगी में एक-एककर सभी मकानों का सामान बाहर निकाला गया। इस दौरान कब्जा करने वाले हंगामा मचाते रहे। इन मकानों को जल्दी ही पात्र हितग्राहियों को अलाट करने की बात अधिकारी कर रहे हैं।

### कार्रवाई करने पहुंची निगम की टीम से झूमाझटकी



बहतराई में अवैध कब्जा खाली कराने पहुंची निगम की टीम।

### ब्रेक फेल, ट्रक मंदिर में घुसा, बड़ा हादसा टला

**बिलासपर**। ढलान में खड़ा ट्रक ब्रेक फेल होने से पीछे चलते हुए मंदिर में घुस गया। रास्ते में सुनसान होने से बड़ा हादसा होने से बाल बाल बच गया। क्रेन से ट्रक को हटाया गया है। हादसे में मंदिर क्षतिग्रस्त हो गया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, बीती रात अशोकनगर पानी टंकी के पास ढलान में एक ट्रक खड़ा हुआ था। उक्त ट्रक को रमन रेसीडेंसी जाना था। मंगलवार की सुबह 9 बजे ड्राइवर ट्रक चालू किया तो ब्रेक फेल होने से तेज रफ्तार से पीछे दौड़ने लगा और मंदिर में जाकर घूस गया। इस दौरान सड़क में सन्नाटा होने से बड़ा हादसा होने से बाल बाल बच गया है। ट्रक की टक्कर से मंदिर क्षतिग्रस्त हो गया है। सूचना पर सरकण्डा थाने की पेट्रोलिंग पार्टी मौके पर पहुंचकर क्रेन के माध्यम से ट्रक को हटाया गया है।

### गाली गलौज कर सरपंच व अन्य से मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गाली गलौज कर सरपंच व अन्य लोगों से मारपीट करने वालों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है।

सीपत पुलिस के अनुसार सकरी क्षेत्र के सागर निवासी राजमिस्त्री हरिशचंद्र साहू पिता समारू साहू ने रिपोर्ट लिखाई कि उनका मामा कौंवाताल निवासी बसंत साहू सरपंच है। उनके कहने पर वह नया सुसाईटी बनाने का काम करने गए थे। 21 जुलाई को सुबह 9 बजे वे ग्राम पंचायत के सामने सुसाईटी में काम कर रहे थे। इसी दौरान गांव का छहुरा यादव एक अन्य साथी के साथ आया और सरपंच का नाम लेकर गाली गलौज करते हुए उन्हें काम बंद करने की धमकी देने लगा। हरिशचंद्र साहू के साथ काम करने वाला हीरादास ने सरपंच बसंत साहू को मोबाइल में सूचना दी। बसंत साहू मौके पर आए तो दोनों लोगों ने सरपंच, राजमिस्त्री के साथ मारपीट किया गया है। पुलिस ने हरिश्चंद्र साहू की रिपोर्ट पर छहुरा यादव व अन्य के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया गया है।

---

# राज्य स्तरीय ताइक्वांडो में खिलाड़ियों ने जीते 4 गोल्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में सरगुजा के 4 खिलाड़ियों ने गोल्ड मेडल हासिल करने के साथ ही नेशनल ताइक्वांडो में अपनी जगह बनाई है।

बता दें कि प्रदेश के बालोद में राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। 18 से 20 जुलाई तक आयोजित प्रतियोगिता में कोच अमन गुप्ता के साथ हर्षित अंबष्ट, केशव अग्रवाल, प्रियांशु पांडे, प्रगति सिंह पैंकरा, प्रिया मलाकार, श्रृष्टि साहु, पीयूष कठोतिया शामिल हुए। प्रतियोगिता में बच्चों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए चार मेडल हासिल किए है जिसमें हर्षित अंबष्ट, केशव अग्रवाल, पीयूष कठोतिया, प्रियांशु पांडे ने गोल्ड मेडल जीता है। गोल्ड मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों को सरगुजा जिले के कोच सावित्री तिवारी, अंजली सिंह, वसी ओवैसी, सराफत और संरक्षक संजय अम्बष्ट ने बधाई दी।

# तस्करी करते पकड़े गए आरोपी, 15 लाख का गांजा जब्त

**बिलासपुर**। जोन के तीनों डिवीजन में आपरेशन नारकोश के तहत कार्रवाई करते हुए आरपीएफ की टीम ने 8 आरोपियों को पकड़ा है। इनके पास से 15 लाख रुपए से अधिक का गांजा जब्त किया गया है।

मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले आरोपियों के खिलाफ रेलवे सुरक्षा बल को आपरेशन नारकोश के तहत कड़ी कार्रवाई करने का आदेश रेलवे बोर्ड से दिया गया है। इसी के तहत ट्रेनों के साथ स्टेशन और सर्कुलेटिंग एरिया में आरपीएफ की टीम लगातार निगरानी कर रही है। इसमें मुख्य रूप से ओडिशा की ओर से बिलासपुर, रायपुर और नागपुर के विभिन्न स्टेशनों में आने वाली ट्रेनों पर नजर रखते हुए नशीले पदार्थो की जब्ती एवं तस्करों के खिलाफ गिरफ्तारी की कार्रवाई की जा रही है। इस अभियान के तहत रेलवे सुरक्षा बल के तीनों मंडल बिलासपुर, रायपुर और नागपुर में स्पेशल टास्क टीम बनाकर सीआईबी अपराध खुफिया शाखा और विशेष खुफिया शाखा को एक्टिव किया गया है। इसी दौरान संदिग्ध अवस्था में मिलने वाले व्यक्तियों से पूछताछ करने के बाद 9 मामले में से 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इन आरोपियों के पास से 15.31 लाख रुपए कीमती 72.70 किलो गांजा जब्त किया गया है। गांजा जब्त करने के बाद आरपीएफ ने आरोपियों को अग्रिम कार्रवाई के लिए जीआरपी के सुपुर्द किया है। ध्यान रहे कि पिछले ढाई सालों में 2023, 2024, 2025 में आपरेशन नारकोस के तहत 4.39 करोड़ मूल्य के मादक पदार्थो की पहचान और जब्ती करते हुए 231 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

### आरपीएफ ने की आपरेशन नारकोस की कार्रवाई



जब्त गांजे के साथ पकड़े गए आरोपी।

# कोयला भविष्य निधि से संबंधित शिकायतों के लिए हेल्पलाइन नंबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

कोयला क्षेत्र में कार्यरत कर्मचारियों को उनके भविष्य निधि और पेंशन दावों के निपटारे में पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से कोयला खान भविष्य निधि संगठन ने एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक पहल की है।संगठन ने 18 जुलाई को एक आधिकारिक आदेश जारी करते हुए भ्रष्टाचार और रिश्वत की घटनाओं की शिकायत दर्ज कराने हेतु हॉटलाइन नंबर की स्थापना की है।यह कदम उस समय उठाया गया है,जब विभिन्न क्षेत्रों से यह शिकायतें मिल रही थीं कि पीएफ और पेंशन क्लेम के मामलों में रिश्वत मांगी जाती है या अनावश्यक देरी की जाती है।अब यदि कोई भी कर्मचारी या हितग्राही किसी भी अधिकारी द्वारा भ्रष्टाचार या रिश्वत की मांग की जानकारी इस हॉटलाइन पर देता है,तो संबंधित क्षेत्रीय प्रमुख को प्राथमिकता के आधार पर उसी दिन दावे का निपटारा करना होगा।इसके लिए सभी क्षेत्रीय आयुक्तों, सहायक आयुक्तों को यह हॉटलाइन नंबर हितधारकों तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए हैं।सीएमपीएफओ ने यह स्पष्ट संकेत दिया है कि वे अपने संगठन में जवाबदेही और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।यह आदेश कोयला मंत्रालय के अधीन कार्यरत एमपीएफओ के आयुक्त कार्यालय धनबाद, झारखंड से क्षेत्रीय आयुक्त ग्रेविएंस एनके मिश्रा द्वारा जारी किया गया है।

### डेढ़ माह में 136 प्रतिशत वर्षा की गई दर्ज

# बीते वर्ष की तुलना में इस वर्ष अधिक बारिश होने से पानी से भरे हैं खेत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बीते वर्ष की तुलना में इस वर्ष अधिक बारिश होने से ग्रामीण क्षेत्रों में खेत पानी से लबालब नजर आ रहे हैं। कृषि विभाग के रिकार्ड अनुसार 1 जून से 22 जून तक की वर्षा की स्थिति के अनुसार पिछले वर्ष की तुलना में 136 प्रतिशत मिमी वर्षा दर्ज की गई है। इस बारिश से ग्रामीण अंचलों में नुकसान भी हुआ है। बाढ़ की स्थिति का सामना लोगों को करना पड़ा है।

अंचल में खेती का दौर पूरी तरह से शुरु हो चुका है। अच्छी बारिश होने के कारण रोपा लगाने का काम भी खेतों में चल रहा है। खाद की कमी भी लगभग दूर कर ली गई है। जिन खाद की कमी बताई जा रही है उसकी जगह विकल्प के दौर पर किसानों को अन्य खाद के उपयोग के लिए वितरीत की जा रही है। समितियों के गोदाम से लेकर किसानों के घरों तक खाद का भंडारण हो चुका है। अच्छी बारिश ने इस बार फसल के भी बेहतर होने की उम्मीद किसानों में बनी हुई है। कृषि विभाग के अनुसार अभी तक कई क्षेत्रों में खेत पानी से लबालब भरे हुए हैं। इसके बावजूद भी थरहा लगाने का काम जोर पकड़ चुका है। विभाग की मानें तो 1 से 22 जून तक की स्थिति में वर्षा की जो स्थिति सामने आई है उसके अनुसार बीते वर्ष की तुलना में इस वर्ष 136 प्रतिशत मिमी वर्षा अधिक हुई है। आंकड़ों पर गौर करे तो पिछले वर्ष 1 जून से 22 जुलाई की अवधी में 4822.9 मिमी वर्षा हुई थी जबकि इस वर्षा इसी अवधी में 6 हजार 262.2 मिमी वर्षा दर्ज हुई है।



**तहसीलवार वर्षा की स्थिति**

| तहसील | 1 जून से 22 जुलाई तक (मिमी में) |
|---|---|
| अजगरबहार | 438.9 |
| कोरबा | 673.8 |
| भैसमा | 561.9 |
| करतला | 517.5 |
| बरपाली | 352.9 |
| कटघोरा | 596.9 |
| दीपका | 411 |
| दर्री | 704 |
| पाली | 643.2 |
| हरदीबाजार | 316.4 |
| पोड़ी उपरोड़ा | 551.8 |
| पसान | 493.8 |

# फाईबर केबल बिछाने का मामला, टीपीएल को किए गए भुगतान की वसूली की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

- पूर्व राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने केन्द्रीय संचार मंत्री को लिखा पत्र

प्रदेश के पूर्व राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने भारत सरकार के संचार मंत्री ज्योतिरादित्य एमएम सिंधिया को पत्र लिखकर छत्तीसगढ़ में फाइबर केबल बिछाकर ग्राम पंचायतों को इंटरनेट सेवा से जोड़ने के मामले में ठेका कंपनी टाटा प्रोजेक्ट्सड लिमिटेड को भुगतान किए गए अग्रिम राशि की वसूली की मांग की है। अपने पत्र में राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने लिखा है कि छत्तीसगढ़ राज्य के सभी 5987 ग्राम पंचायतों में फाईबर केबल बिछाकर उन्हें इंटरनेट सेवा से जोड़ने की मंशा के अनुरूप वर्ष 2018 में राज्य सरकार द्वारा टाटा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड को कार्य का आवंटन किया गया था। संविदा शर्तों के अनुरूप उक्त कार्य को एक साल में पूरा किया जाना था। राज्य सरकार की ओर से इस महत्वापूर्ण परियोजना की मॉनिटरिंग व निगरानी का कार्य राज्य सरकार की सरकारी संचार एजेंसी चिप्स को सौंपते हुए नोडल एजेंसी बनाया गया था। इस परियोजना के लिए केन्द्र सरकार ने 2155 करोड़ और राज्य सरकार ने 112 करोड़ रूपये का प्रावधान रखा था। टाटा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड ने 7 साल का समय बीत जाने के बाद भी कार्य पूरा नहीं किया।

ठेका आवंटन के समय उक्त कार्य को पूरा करने के लिए टीपीएल द्वारा 167 करोड़ रूपये की अमानत राशि राज्य सरकार के पास जमा करवाई गई थी। समय-समय पर जारी भुगतान के तौर पर टीपीएल को विगत 7 वर्षों में 1600 करोड़ रूपये का भुगतान राज्य सरकार द्वारा किया जा चुका है। श्री अग्रवाल ने केन्द्रीय संचार मंत्री से मांग की है कि चूंकि टीपीएल ने निविदा शर्तों के अनुरूप तय समय पर कार्य पूरा नहीं किया इसलिए उसे भुगतान किए गए 1433 करोड़ रूपये की अतिरिक्त रकम की वसूली तत्काल प्रभाव से की जाए।

### दीपका में कांग्रेस का श्रद्धांजलि कार्यक्रम आज



**कोरबा।** नगर पालिका दीपका परिषद में पोषक दास महंत और तनवीर अहमद के नेतूत्व में स्व बिसाहुदास महंत की पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन 23 जुलाई को किया गया है। इस अवसर पर क्षेत्र के सभी कांग्रेस कार्यकर्ता व प्रकोष्ठ के सदस्य उपस्थित रहेंगे।




# मानव और पर्यावरण एक दूसरे के पूरकः जयसिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वर्तमान समय में मानव जीवन पर पर्यावरण प्रदूषण सबसे बड़ा संकट बनकर आया है। ऐसे में आने वाली पीढ़ी के लिए पर्यावरण को अनुकुल बनाने में हर व्यक्ति को अपने आसपास, अपने घर अथवा कार्यालय परिसर में एक - दो वृक्ष अवश्य लगाना चाहिए।

उक्त बातें पूर्व राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने अग्रवाल सभा दर्री-जमनीपाली द्वारा आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान कही। मुख्य अतिथि श्री अग्रवाल ने कहा कि मानव और पर्यावरण एक दूसरे के पूरक हैं। दिन प्रतिदिन वृक्षों की अंधाधुंध कटाई से लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है, इसके अलावा हमारी बुरी आदतें जैसे पॉलिथीन का उपयोग, बेवजह पानी बर्बाद करना और बेवजह पेड़ पौधे की कटाई से पर्यावरण बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि अग्रवाल समाज दर्री-जमनीपाली द्वारा प्रतिवर्ष पौधरोपण का कार्यक्रम कर सैकड़ों पौधें लगातें हैं और उसकी निरंतर देख रेख करते हैं। जिसकी आज के समय की जरूरत बन चुकी है। अग्रवाल सभा दर्री जमनीपाली के अध्यक्ष प्रेमकुमार अग्रवाल ने कहा कि साडा कॉलोनी स्थित अग्र मंगल भवन परिसर में फलदार, इमारती, छायादार एवं औषधीय गुण वाले पौधे रिक्त स्थान पर आवश्यकता के अनुरूप लगाया गया है। पेड़-पौधे प्रकृति की अनुपम देन है, जो अनमोल है, इसलिए हमें पेड़ों की सुरक्षा करनी होगी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में कांग्रेस जिला अध्यक्ष नत्थुलाल यादव, नेता प्रतिपक्ष कृपाराम साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र जायसवाल, पूर्व सभापति संतोष राठौर आदि उपस्थित थे।

उप नेता प्रतिपक्ष डॉ.गोपाल कुर्रे, पार्षद मुकेश राठौर, रवि चंदेल, बद्री किरण, नारायण कुर्रे, सुकसागर निर्मलकर, एफ डी मानिकपुरी, पूर्व पार्षद पालूराम साहू, मस्तुल कंवर, मुन्ना साहू, आनंद पालीवाल, डॉ.नेताम, राजेन्द्र सिंह ठाकुर, रामायण दास, आनंद राम प्रजापति, मनीराम साहू, रतन यादव, संतोष ठाकुर, प्रदीप पुरायणे, गुलशन साहू, गुलाब दास, श्रीराम साहू, सरिता भारिया आदि उपस्थित थे।



पौधरोपण करते पूर्व राजस्व मंत्री व अन्य।

### स्वतंत्रता दिवस मनाने कलेक्टर ने विभिन्न विभागों को सौंपीं जिम्मेदारी

**कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत ने प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी जिले में स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाने हेतु बैठक लेकर सभी विभाग प्रमुखों की जिम्मेदारी निर्धारित कर कर्तव्यों का गम्भीरता पूर्वक निर्वहन करने के निर्देश दिए है। आजादी के पर्व के दौरान 15 अगस्त को शासकीय कार्यालयों व मुख्य समारोह में राष्ट्रध्वज संहिता का पालन करते हुए पूरी गरिमा और सम्मान के साथ ध्वज फहराया जाएगा। जिला स्तरीय मुख्य समारोह कोरबा नगरीय क्षेत्र के फुटबाल मैदान सीएसईबी कोरबा पूर्व में आयोजित होगा। 15 अगस्त को समस्त विद्यालयों, महाविद्यालयों, अर्द्धशासकीय एवं शासकीय संस्थाओं में प्रातः 7 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा।




### रेत का उत्खनन व परिवहन हाइवा व मशीन जब्त

**शिवरीनारायण।** बरसात के मौसम में रेत के उत्खनन व परिवहन पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगाई गई है। बावजूद इसके शिवरीनारायण में उत्खनन व परिवहन कार्य धडल्ले से चल रहा है। इस पर कार्रवाई करते हुए वाहनों की जब्ती बनाई गई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के बैराज मोड़ के समीप विगत दिनों से अवैध रूप से रेत का भंडारण किया जा रहा था। सोमवार को मुखबिर से सूचना मिलने पर तहसीलदार शनूरुटी अपनी राजस्व टीम और पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि एक जेसीबी मशीन और हाइवा वाहन के माध्यम से रेत की ढुलाई और डंपिंग का कार्य जारी था जिसे उचे दामों में बेचने की फिराक में थे। मौके पर उपस्थित व्यक्तियों से जब तहसीलदार ने रेत डंपिंग और मशीन संचालन के संबंध में वैध दस्तावेज मांगे, तो वे कोई भी वैध अनुमति पत्र प्रस्तुत नहीं कर सके।

# लायन्स क्लब कटघोरा छुरी ने स्थापित किया कीर्तिमान :विजय



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

दी इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ लायन्स क्लब्स डिस्ट्रिक्ट 3233 सी से सम्बंध लायन्स क्लब कटघोरा छुरी का शपथ ग्रहण समारोह मुरली होटल कटघोरा के सभागार में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पीएमजेएफ ला विजय अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता निवृतमान अध्यक्ष दीपक गर्ग ने की।

शपथ ग्रहण समारोह को संबोधित करते हुए श्री अग्रवाल ने कहा कि इस क्लब ने बहुत ही अल्प समय मे जिस तरह से पूरे डिस्ट्रिक्ट में मुकाम हासिल की है वह काबिले तारीफ है साथ ही यह क्लब जिस प्रकार से ताबड़तोड़ एक से बढ़कर एक सेवा के कार्य कर रहा है यह किसी से भी छुपा हुआ नहीं है निश्चित हि इस क्लब ने पूरे नगर के सांथ डिस्ट्रिक्ट में अपना कीर्तिमान स्थापित किया है जिसके लिए क्लब को एक से बढ़कर एक एवार्ड भी प्राप्त हुए जो कि तारीफे काबिल है। खुशी भी है कि सत्र 17-18 में यह क्लब मेरे रीजन कार्यकाल मे खोला गया था सांथ ही स्थाई गतिविधियों पर भी जिस प्रकार से कार्य किया जा रहा है यह क्लब की सक्रियता को दर्शाता है। इस अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने कहा कि सबकों साथ मिलकर एक से बढ़कर एक सेवा के कार्य मे सहयोग देना है। तत्पश्चात शपथ अधिकारी पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर प्रितपाल बाली ने कहा कि क्लब का गठन सत्र 2017-18 के प्रारम्भ में हुआ था व बहुत ही कम समय में इस क्लब ने जिस प्रकार से एक से बढ़कर एक सेवा के कार्य करते हुए डिस्ट्रिक्ट, मल्टीपल व इंटरनेशनल में क्लब की एक अलग पहचान बनाई है वह पूरे डिस्ट्रिक्ट में किसी से भी छुपा हुआ नहीं है। कार्यक्रम में गेस्ट आफ आनर पूर्व मल्टीपल कौंसिल चेयरपर्सन एमजेएफ ला राजेन्द्र तिवारी विशिष्ट अतिथि डिस्ट्रिक्ट की प्रथम महिला ला रेखा अग्रवाल, पूर्व मल्टीपल कौंसिल वाइस चेयरपर्सन पीएमजेएफ ला राजकुमार अग्रवाल पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ ला बसन्त मिश्रा, एमजेएफ ला एमडी माखीजा, रीजन चेयरपर्सन एमजेएफ ला कैलाश नाथ गुप्ता मंचस्थ रहे। इस दौरान शपथ अधिकारी प्रितपाल बाली के द्वारा सत्र 25-26 के सभी पदाधिकारियों एव सदस्यों को विधिवत पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके बाद मंचस्थ अतिथियों के द्वारा सत्र 24-25 में नगर के सम्माननीय व्यवसाई राजेश शर्मा शर्मा इंजीनियरिंग वर्क्स, भरत मित्तल महामाया राईस मिल, अनूप मानिकपुरी, लक्ष्मण डिकसेना, कन्हैया गुप्ता, योगेश केशरी पेंड्रा, उमेश जायसवाल पूजा फ्लेक्स के द्वारा क्लब में विशेष सहयोग करने पर उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।




# भूविस्थापितों को न्याय दिलाने राष्ट्रीय राज्य महिला आयोग से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बात**
- ऊर्जाधानी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति ने लिखा पत्र

एसईसीएल कुसमुंडा क्षेत्र में अपने रोजगार की मांग पर विगत दिवस महिलाओं द्वारा मजबूर होकर किए गए अर्धनग्न प्रदर्शन करना पड़ा। लंबे समय से चलाए जा रहे आंदोलन में उठाई जा रही मांगो के समर्थन में ऊर्जधानी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति ने राष्ट्रीय व राज्य महिला आयोग को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि इस गंभीर मामले को संज्ञान में लेकर भूविस्थापितों को न्याय दिलाने के लिए उचित कार्यवाही किया जाए।

ऊर्जाधानी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति के अध्यक्ष सपुरन कुलदीप ने केंद्र व राज्य महिला आयोग से पूरे मामले को अपने संज्ञान में लेकर कार्यवाही की मांग किया है। उन्होंने पत्र में उल्लेख किया है कि जिले में स्थित एसईसीएल कुसमुंडा क्षेत्र में अपने रोजगार की मांग पर महिलाओं द्वारा मजबूर होकर अर्धनग्न प्रदर्शन किया गया, इससे पूर्व खनन क्षेत्र में आन्दोलन करने के कारण उन्हें जेल भेजा गया था। महिलाओं के प्रति संवेदनशील सरकार के द्वारा उठाये जा रहे सार्थक कदम के बावजूद ऐसी स्थिति निर्मित हो जाना काफी गंभीर विषय है और चिंतनीय है। उन्होंने कहा है कि जिले में औद्योगीकरण 60 के दशक से शुरू हो गया था और अब बड़े पैमाने पर कोयला खनन, पॉवर प्लांट से होने वाले बिजली उत्पादन और आपूर्ति के चलते इस क्षेत्र के खनिज संसाधनों का दोहन, परियोजनाओं का विस्तार और खनिज परिवहन (नई रेल लाइन) भी राष्ट्रिय हित में लगातार हो रहा है। इन परियोजनाओं के चलते बड़े पैमाने पर इस क्षेत्र में भूमि के अधिग्रहण की प्रक्रिया हुई और स्थानीय समुदाय को अपने निवास गाँव, कृषि भूमि और वन भूमि जिस पर इनके पारंपरिक निस्तार और अधिकार निहित थे, उससे विस्थापित होना पड़ा, किन्तु आज तक भी भू-विस्थापितों को पूर्ण एवं विधिवत पुनर्व्यवस्थापन नहीं मिल पाया जो उनका अधिकार है।

### चरण पादुका वितरण एवं एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम आज

**कोरबा।** वन मण्डल कटघोरा अंतर्गत तेंदुपत्ता महिला संग्राहकों को चरण पादुका वितरण एवं एक पेंड़ मॉ के नाम 2.0 कार्यक्रम उप जेल कटघोरा में 23 जुलाई अपरांह 3 बजे किया जाएगा।

### स्थायी समिति की बैठक 25 को

**कोरबा।** जिला पंचायत की पशुधन विकास विभाग स्थायी समिति की बैठक 25 जुलाई को दोपहर 1 बजे कार्यालय उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं आयोजित की गई है।

## कोरबा मार्केट



## खबर संक्षेप

### मेडिकल कॉलेज अस्पताल में खराब खाना परोसने वाले ठेकेदार को नोटिस जारी

**कोरबा।** मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मरीजों ने गुणवत्ताविहीन भोजन देने की शिकायत प्रबंधन से की है। मामले में डीन ने ठेका कंपनी को नोटिस जारी किया है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती मरीजों को नाश्ता और खाना उपलब्ध कराने का काम ठेका कंपनी फिलिप्स को मिला है। करीब एक साल से काम संभाल रही ठेका कंपनी के कार्यशैली को लेकर मरीजों ने अब शिकायत शुरू कर दी है। कभी नाश्ता तो कभी खाने के गुणवत्ता के खिलाफ शिकायत सामने आ रही है। वर्तमान में खाने में दी जा रही दाल और सब्जी को घटिया बताते हुए मरीज ने शिकायत की है। इस पर अस्पताल प्रबंधन ने त्वरित कार्रवाई की है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल के डीन डॉ.केके सहारे ने इस संबंध में नोटिस जारी किया है। डीन डॉ.सहारे के मुताबिक नोटिस के बाद भी भोजन की गुणवत्ता में सुधार नहीं होने पर कार्रवाई की जाएगी।

### राशनकार्ड गिरवी रखने वाले के खिलाफ कलेक्टर से शिकायत

**कोरबा।** जिले के ग्राम पंचायत जिल्गा से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है, जानकारी के अनुसार जहां एक गरीब परिवार को महज 10 हजार रुपए के लेन-देन के बाद गांव से निकाल दिया गया। पीड़ित का आरोप है कि गांव के ही एक व्यक्ति ने न सिर्फ उनका राशन कार्ड गिरवी रख लिया, बल्कि अब उन्हें गांव में घुसने भी नहीं दिया जा रहा है। पीड़ित ने बताया कि कुछ साल पहले उन्होंने उससे 10 हजार रुपये उधार लिए थे। बदले में परिवार का राशन कार्ड गिरवी रखा गया था। समय के साथ कुछ रकम चुकाने के बावजूद वह न तो कार्ड लौटा रहा है, न ही परिवार को चैन से जीने दे रहा है। उल्टे धमकी, गाली-गलौज और मारपीट की घटनाएं हो रही हैं। उसने आगे आरोप लगाते हुए कहा कि वह गांव में कई गरीब परिवारों के साथ इसी तरह का व्यवहार कर रहा है। राशन कार्ड गिरवी रखकर दबाव बनाना, डराना और जमीन-जायदाद पर नजर रखना उसकी आदत बन चुकी है। पीड़ित व्यक्ति अपनी पत्नी, बुजुर्ग मां और छोटे-छोटे बच्चों के साथ इन बरसाती दिनों में दर-दर भटकने को मजबूर है। परिवार ने रोते-बिलखते हुए जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई।

### अमेरिका के शीर्ष बिजनेस कॉलेज में एडम आर्यन का चयन

**कोरबा।** हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता



एसव्ही पुरोहित के पोते एवं सुनील पुरोहित के भतीजे एडम आर्यन पुरोहित ने शैक्षणिक क्षेत्र में सफलता अर्जित करते हुए अमेरिका के प्रतिष्ठित कॉलेज सांता मोनिका, लॉस एंजिल्स में प्रवेश पाया है। उन्हें बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम के लिए चयनित किया गया है। एडम ने हाल ही में गार्डन एस मार्शल स्कूल, लॉस एंजिल्स से 12वीं की शिक्षा उत्तीर्ण की है। सांता मोनिका कॉलेज में इस वर्ष विश्वभर से लगभग 11 हजार छात्रों ने आवेदन किया था, जिनमें से केवल 3 हजार छात्रों को प्रवेश मिला है। चयनित विद्यार्थियों में एडम आर्यन का चयन इस प्रतिस्पर्धा में उनकी मेधा और प्रतिबद्धता का प्रमाण है। चार वर्षीय इस डिग्री कोर्स के दौरान एडम अमेरिका में ही उच्च शिक्षा प्राप्त करेंगे। सांता मोनिका कॉलेज वैश्विक स्तर पर सर्वश्रेष्ठ बिजनेस कॉलेजों में गिना जाता है और यहां प्रवेश पाना किसी भी छात्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि मानी जाती है।

### पॉम मॉल के बाहर उपद्रव करने वाले गिरफ्तार

**कोरबा।** टीपी नगर पॉम मॉल के बाहर 19 जुलाई को सिक्युरिटी गार्ड एवं एक असामाजिक तत्व के शराबखोरी करने वाले आरोपीगण आर्यन राय पिता हरीनारायण राय उम्र 28 साल सा० नमन विहार चौकी मानिकपुर एवं सिक्युरिटी गार्ड अशीष सिंह पिता अम्बिका सिंह उम्र 34 साल सा० सेक्टर- 5 बाल्कोनगर थाना बाल्कोनगर को गिरफ्तार कर आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है एवं पृथक से धारा 170,126 (बी), 135 (3) बी.एन.एस.एस. के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किया जाकर माननीय न्यायालय पेश किया गया है।

# अब कोई छात्र नहीं होगा बैक बेंचर, कक्षा में यू आकार में बैठेंगे छात्र-छात्राएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

बैक बेंचर गायब, हर कोई फर्स्ट बेंचर की उद्देश्य को लेकर कोरबा विकासखंड के आमापाली मिडिल स्कूल में पढ़ाई के दौरान छात्रों की बैठक व्यवस्था में बदलाव करते हुए यू आकार में बैठक व्यवस्था बनाई गई है। इस नवाचार व्यवस्था से हमेशा पीछे बैठने वाले छात्रों तक शिक्षक की सीधी पहुंच होने के साथ शिक्षक सभी छात्रों की जिज्ञासा शांत कर रहे हैं। जिले के ग्रामीण अंचलों के स्कूलों में योग्य छात्रां के साथ पढ़ाई में कमजोर छात्रों को बैठाने के लिए और उनके शैक्षणिक स्तर को योग्य छात्रों के बराबर लाने के लिए ग्रामीण स्कूलों के शिक्षक अपने अपने स्तर पर अलग अलग नवाचार का उपयोग कर रहे हैं ताकि छात्रों को शिक्षा से जोड़ा जा सके और उनमें नई चीज जानने की रुचि पैदा कर सके। ऐसा ही एक नवाचार विकासखंड कोरबा के ग्राम आमापाली मिडिल स्कूल में देखने को मिल रहा है। जहां राज्यपाल अलंकरण पुरुस्कार से सम्मानित शिक्षक मुकुंद केशव उपाध्याय के द्वारा स्कूल के शिक्षकों के सहयोग से यह व्यवस्था जुलाई महीने से अपने स्कूल में शुरु की है। छठवीं से आठवीं तक की कक्षाओं में दर्ज संख्या के अनुसार प्रत्येक कक्षा में बैठक व्यवस्था यू आकार में की गई है। इस व्यवस्था से स्कूल के प्रत्येक शिक्षक अपनी अपनी कक्षा के उन छात्रों तक पढ़ाते हुए पहुंच रहे हैं जो पूर्व की बैठक व्यवस्था के दौरान हमेशा पीछे बेंच में बैठा करते थे। चाहते हुए भी वह सामने के बेंच में नहीं बैठते थे। इसके पीछे उनके मन में शिक्षकों के प्रति भय या फिर संकोची स्वभाव रहता था। इस नई बैठक व्यवस्था से छात्रों के संकोची स्वभाव के साथ शिक्षकों के प्रति मन में बैठे भय को दूर करना भी एक उद्देश्य है। यह व्यवस्था शाला प्रबंधन समिति के सामने भी रखी गई है। उच्च अधिकारियों को इस नवाचार से अवगत कराया गया है।

## आमापाली स्कूल में यू आकार में बनाई गई बैठक व्यवस्था

**खास बातें**

- हर छात्र तक शिक्षक की हो रही है पहुंच
- कमजोर छात्रों की योग्यता को सामने लाने नवाचार का उपयोग



**बढ़ रही नवाचार गतिविधियां**

सरकारी स्कूलों में पिछले कुछ वर्षों से शिक्षकों के द्वारा पढ़ाई के साथ साथ छात्रों के बीच नवाचार गतिविधियां भी चला रहे हैं। इससे छात्र छात्राओं में सीखने की प्रवृति बढ़ने के साथ पढ़ाई के तरीकों में बदलाव को ग्रामीण अंचलों के छात्र स्वीकार भी कर रहे हैं। पालक भी इन गतिविधियों को बढ़ावा देने सक्रिय हैं और इसकी सराहना कर रहे हैं।

## प्रतिदिन 20 लाख की कम हो रही है शराब की बिक्री

# सावन के माह में मदिरा प्रेमियों ने शराब से बनाई दूरी, आबकारी के राजस्व में हुई कमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सावन का महीना शुरू होते ही ज्यादातर मदिरा प्रेमी भगवान भोलेनाथ की भक्ति में लीन हो जाते हैं और मदिरा से दूरी बना लेते हैं। यही वजह है कि सावन के महीने में ज्यादातर मदिरा प्रेमी मदिरा से तौबा कर लेते हैं जिसकी वजह से मदिरा की बिक्री में लगभग 15 फीसदी की गिरावट दर्ज की जा रही है। जिससे आबकारी विभाग को भारी राजस्व क्षति उठानी पड़ रही है।

उल्लेखनीय है कि सावन का महीना शुरू हो चुका है और शिवालयों में भक्तों की भारी भीड़ लग रही है। सोमवार को सभी शिवालयों में हजारों की तादात में लोगों की भीड़ लग रही है। साथ ही सावन के महीने में ज्यादातर मदिरा प्रेमी मांस मदिरा से तौबा कर लेते हैं। यही वजह है कि आबकारी विभाग द्वारा प्रतिदिन जिले में सवा सौ करोड़ से अधिक का शराब बेचकर कारोबार करती थी लेकिन जबसे सावन का महीना शुरू हुआ है तब से शराब की बिक्री में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। आबकारी विभाग के अधिकारियों की माने तो 15 फ़ीसदी शराब की बिक्री में गिरावट दर्ज की गई है। बताया जाता है कि लगभग प्रतिदिन जिले में पूर्व में लगभग 1 करोड़ 39 लाख रुपए औसत शराब की बिक्री होती थी जो अभी मौजूदा स्थिति में यह बिक्री घटकर लगभग 1 करोड़ 20 लाख रुपए के आसपास हो रही है। आबकारी विभाग को इस पूरे एक महीने यही हाल रहेगा और सावन का महीना समाप्त होने के बाद ही शराब की बिक्री में उछाल दर्ज होगा तब तक आबकारी विभाग को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा।




शराब दुकान जहां छायी है वीरानी।

**दुकानों में छाई हुई है विरानी**

जिले में 37 देसी विदेशी शराब दुकान हैं। आम दिनों में शाम होते ही शराब दुकानों में भारी उमड़ने लगती थी जो देर रात तक सिलसिला जारी रहता था लेकिन अब हालात यह है कि ज्यादातर शराब दुकानों में शाम होने के बाद भी शराब दुकानों में विरानी छाई हुई है। जिसकी वजह से शराब का कारोबार सुस्त पड़ा हुआ है और यह सावन के महीने के बाद आने वाले दिनों में सावन के बाद पितृ पक्ष भी शुरू होगा। जहां 15 दिन पितृपक्ष में भी शराब की बिक्री में भी कुछ हद तक गिरावट दर्ज की जाती है। जिसके बाद दशहरा में ही शराब दुकानों में बिक्री में उछाल आता है। सावन के इस महीने में जहां शराब की बिक्री में जबरदस्त गिरावट दर्ज की जा रही है तो वहीं दूसरी ओर ज्यादातर लोग मछली मुर्गा से भी तौबा कर लिया है। जिसके चलते दुकानों में भी सन्नाटा पसरा हुआ है और इसका कारोबार भी पूरी तरह से प्रभावित है।

# घर से स्वर्णाभूषण सहित लाखों का माल पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दीपका थाना क्षेत्र अंतर्गत सुभाष नगर दीपका निवासी मोहम्मद अनवर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह बुधवारी बाजार में मटन शाप चलाता है। उसकी चचेरी बहन उजमा बानो की शादी 21 जुलाई को सीपत निवासी चांद कुरैशी के साथ होना तय हुआ है चचेरी बहन उजमा पिता स्व. सुभराती की मृत्यु हो जाने से वह परिवार एवं समाज के लोग मिल कर शादी कर रहे है जो शादी के नगदी रकम 8 लाख 50 हजार रुपए एवं सोने चांदी के जेवर को घर पेटी मे रखे थे कि 20 जुलाई को सभी परिवार वाले मोहम्मद अनवर के छोटे भाई मोबिन कुरैशी के घर मेहंदी का रसम अदा करने इकट्ठा हुऐ थे। मोहम्मद अनवर भी घर में ताला लगाकर शाम 5:30 बजे करीब अपने दुकान बुधवारी दीपका आया और दुकान को बंद करके करीब 8 बजे घर पहुंचा और देखा कि पडोसी घर में रहने वाला फैजान खान हाथ में कुछ झोला टाईप रख कर मोहम्मद अनवर के घर की छत की सीढी से अपने छत की ओर भाग रहा है। यह देखकर मोहम्मद अनवर अपने घर कमरे को देखा तो ताला टुटा हुआ और कुण्डी उखडा हुआ था। अंदर जाकर देखा तो कमरे मे रखा पेटी का कुन्दा खुला था उसमे रखा 8 लाख 50 हजार रुपए नगद, 4 ग्राम अंगुठी सोने का, 2 तोला सोने का हार 1 नग, 3 नग सोने का कान का झुमका, 15 तोला चांदी का पायल, 5 ग्राम सोने का बालि 3 नग, 1 तोला मंगलसूत्र सोने का 1 नग नहीं था। जिसे फैजान खान चोरी कर ले गया था। प्रार्थी मोहम्मद अनवर की रिपोर्ट पर पुलिस ने फैलान खान के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

# दुकान का ताला तोड़कर हजारों की चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सिविल लाईन रामपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत एमआईजी- 2/18 एमपी नगर विस्तार निवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह बजरंग ट्रेडर्स का संचालन करता है। दुकान को प्रतिदिन सुबह 9 बजे के आसपास खोलते है और रात 8 बजे के आसपास दुकान को बंद कर वापस घर चले जाते है। 18 जुलाई की रात 8.30 बजे के लगभग जब दुकान को बंद कर घर चला गया। 19 जुलाई की सुबह 9 बजे के लगभग दुकान आया तो देखा कि दुकान के सामने में लगा ताला टुटा हुआ है और दुकान का शटर उठा हुआ है। दुकान को खोलकर देखने पर पता चला कि गल्ला भी टुटा हुआ है उसमें रखा 15 सौ रूपये नगद भी नहीं था तथा दुकान का 3 नग सीसीटीव्ही कैमरा को तोड़कर कर फेंक दिये है। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

### कुसमुण्डा खदान से 45 लीटर डीजल की चोरी

**कोरबा।** कुसमुण्डा थाना क्षेत्र अंतर्गत एसईसीएल कुसमुण्डा परियोजना में सुरक्षा प्रभारी के पद पर पदस्थ रामकुमार यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह 20 जुलाई की रात्रि पाली में लगभग समय 11.10 बजे ड्यूटी पर तैनात था इसी दौरान ग्राम जपेली मन्नु सिंह कंवर पिता छत्तर सिंह कंवर जो कि मोटर साईकिल कमांक सीजी 12 बी डी 5492 एवं सीजी 11 बीएफ 0499 के माध्यम से जिसने लगभग 45 लीटर एक 20 लीटर जरकिन, 10-10 लीटर प्लास्टिक प्वाइच दो नग एवं एक 5 लीटर का छोटा जरकिन टीएसआर पट्रोलिंग के जवानों द्वारा चोरी करते हुये पकड़े गये। उक्त आरोपी के विरुद्ध कुसमुण्डा पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

# सर्वमंगला-कनकी मार्ग में श्रद्धालुओं के बीच पिस्टल हथियार लहराने वाले 6 लोगों को दबोचा पुलिस ने

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सावन के प्रति सोमवार कनकी के शिवालयों में भक्तों की भारी भीड़ लगती है। इस बीच रविवार को सर्वमंगला मंदिर से लोग नहर के किनारे भारी संख्या में लोग पैदल यात्रा कनकी तक करते हैं। इस यात्रा के दौरान कई असामाजिक तत्व बाइक में फर्राटे भरते हैं तो कई तरह की हरकतों को अंजाम देते हैं। इस बार भी रविवार को कुछ असामाजिक तत्वों ने हथियार लहरा कर पिस्टल दिखाने की कोशिश की थी। जैसे ही मामला सामने आया पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने मामले में संज्ञान लेते हुए ऐसे असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्यवाही करने का फरमान जारी किया था। जिसके बाद उरगा थाना प्रभारी ने भी तत्काल मामले में एक्शन लेते हुए पिस्टल हथियार लेकर लहराने वाले 4 नाबालिक सहित कुल 6 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है और पिस्तौल सहित हथियार को जप्त करने में सफलता भी हासिल की है।

रविवार की रात सर्वमंगला मंदिर के समीप स्थित हसदेव नदी से जल लेकर कांवरिया नहर के रास्ते कनकी जाते हैं लेकिन पिछले कई वर्षों से इस मार्ग में रविवार की रात कांवरियों के रास्ते में बड़ी संख्या में कई असामाजिक तत्व पहुंचते हैं और हंगामा करते हैं। इस रविवार को भी कुछ ऐसे ही कुछ असामाजिक तत्वों ने बाइक में फर्राटे भरते हुए पिस्तौल और हथियार लहराते हुए घटना को अंजाम दिया था। रास्ते में नहर रोड कनबेरी बाजार के पास कुछ श्रद्धालु डीजे साउण्ड सिस्टम के गाना में डांस कर रहे थे उसी समय विक्रम शर्मा, नामक व्यक्ति अपने कुछ अन्य साथियों के साथ मिलकर डीजे के धुन में डांस करते हुये विक्रम शर्मा अपने पास रखे पिस्टल तथा विधि से संघर्षरत बालक अपने पास रखा हुआ फरसानुमा धारदार हथियार को अपने-अपने दाहिने हाथ में ऊपर आसमान की ओर उठाकर लोगो को दिखाकर लहराते हुये वहां पर सार्वजनिक जगह में अश्लील गाली गलौच करते हुये उपद्रव कर रहे थे जिससे आसपास के तथा आने जाने वाले आम जनता श्रध्दालुओं में डर भय का वातावरण बन गया था। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी खपराभट्टा वार्ड क्रमांक 21 बुधवारी बाजार निवासी राहुल यादव उम्र 21 वर्ष पिता दादू राम यादव, चिमनीभट्टा टीपी नगर निवासी विकम शर्मा पिता अप्पुनर्मा उम्र 19 वर्ष तथा इनके साथ मिलकर अपराधिक कृत्यों में संलिप्त 4 विधि से सघर्षरत बालकों के द्वारा घटना में प्रयुक्त 1 नग मो.सा. के चैन स्पैकिट से बना हुआ फरसानुमा धारदार हथियार एवं एक लाईटर गन नकली पिस्टल को आरोपीयों तथा 4 नाबालिग के कब्जे से जप्त किया गया है। साथ ही आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायिक दण्डाधिकारी के न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया है तथा 4 नाबालिग के विरुद्ध पंचनामा तैयार कर माननीय किशोर न्याय बोर्ड में पेश किया गया है। कार्यवाही में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नितिश ठाकुर, नगर पुलिस अधीक्षक भूषण एक्का, उप निरीक्षक राजेश तिवारी, अजय सोनवानी, प्रआर रामू कुर्मी, बसंत कुमार मैना, आरक्षक अजय यादव, नितेश तिवारी, प्रेमचंद साहू, सुशील यादव एवं सैनिक शांतनु राजवाड़े की महत्वपूर्ण भूमिका रही।





पुलिस गिरफ्तर में आरोपी व जब्त हथियार।

### मारपीट, आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा।** उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम फरसवानी निवासी हेमलता राठौर उम्र 42 वर्ष पति देव प्रसाद राठौर ने 16 जून को थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 14 जून की रात्रि 8 बजे गांव के लखन राठौर उर्फ बोकरामुडीहा, उमा बाई राठौर, ज्ञान प्रकाश राठौर व मोनिका राठौर हेमलता राठौर के घर में आकर सभी एकराय होकर पुरानी रंजीश की बात को लेकर अश्लील गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए ज्ञान प्रकाश राठौर के द्वारा हेमलता राठौर से मारपीट किया गया है। साथ ही ज्ञान प्रकाश राठौर की बहन मोनिका राठौर द्वारा ओप्पो मोबाईल एवं मोबाईल पिलप कवर में रखे लगभग 3250 रुपए को हेमलता राठौर के हाथों से झपटकर वहां से भाग गई। पुलिस ने फरसवानी निवासी आरोपी ज्ञान प्रकाश राठौर उम्र 19 वर्ष पिता लखन लाल राठौर के विरुद्ध धारा 351(2), 115(2), 3(5), 304, 333 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**कोरबा।** पाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम छिंदपानी निवासी विजय कुमार पटेल 37 वर्ष पिता हर प्रसाद पटेल दीपका काम में आया हुआ था। जहां से अपना काम निपटाकर शाम को मोटरसाइकिल में वापस अपने गांव लौट रहा था कि सिरकी के समीप अज्ञात वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आम राहगीरों की मदद से उसे उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया।


हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780


## साफ-सफाई कार्यों पर की चर्चा, जानी गली-मोहल्ले की समस्याएं

# अपर आयुक्त लोगों से हुए रूबरू, समस्याओं के निराकरण के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

निगम आयुक्त के दिशा निर्देशन में अपर आयुक्त विनय मिश्रा ने नियमित रूप से शहर भ्रमण क्रम में वार्ड व बस्तियों में अधिकारियों की टीम के साथ दस्तक देने के परिणाम स्वरूप शहर के विकास कार्यो को लगातार गति मिल रही है। वहीं दूसरी ओर जनसमस्याओं का त्वरित निराकरण भी हो रहा है। इसी कड़ी में अपर आयुक्त ने निगम के वार्ड क्र. 5 एवं 6 के विभिन्न मोहल्लों, बस्तियों का भ्रमण किया, प्रगतिरत विकास कार्यो को देखा तथा साफ-सफाई कार्यों का जायजा लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अपर आयुक्त विनय मिश्रा द्वारा अधिकारियों की टीम के साथ निकले नगर के विभिन्न गलियों में पैदल भ्रमण करते हुए, साफ-सफाई कार्यों का सघन रूप से निरीक्षण किया। वार्डवासियों से रूबरू होकर निगम के साफ-सफाई कार्यों पर चर्चा की तथा उनकी समस्याओं की जानकारी ली। इसी कड़ी में पुरानी बस्ती, आदिले मोहल्ला, दुरपा रोड, रानी धनराजकुंवर रोड, दुर्गा मंदिर, केएन कालेज रोड, देवांगनपारा बस्तियों का भ्रमण करते हुए सफाई कार्यों का निरीक्षण किया। दुकानदारों से चर्चा करते हुए उन्हें समझाईश दी कि वे अपने दुकानों प्रतिष्ठानों के बाहर डस्टबिन आवश्यक रूप से रखें व दुकानों में आने वाले ग्राहकों से वे आग्रह करें कि कचरा डस्टबिन में ही डालें। इसके अतिरिक्त उप जोन प्रभारी एवं राजस्व के अन्य कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वार्ड में किसी प्रकार का अतिक्रमण अवैध कब्जा की कार्यवाही न हों, इसका विशेष ध्यान रखा जावें एवं अतिक्रमण की दशा में तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने स्वच्छता दीदियों से कहा कि डोर-टू-डोर अपशिष्ट संग्रहण करते समय उन्हें प्रदाय की गई पुस्तिका में नियमित रूप से प्रतिदिन कचरा संग्रहण का समय संधारित किया करें ताकि वार्डवासियों को यह ज्ञात हो सके कि किस निर्धारित समय पर अपशिष्ट कलेक्शन हेतु स्वच्छता दीदियॉं डोर-टू-डोर कचरा लेने उनके यहॉं आती है। उन्होने ने वार्ड में भ्रमण दौरान यह पाया कि सड़क किनारे सी एण्ड डी वेस्ट व भवन निर्माण सामग्री को डम्प कर रखा गया था, भवन के निर्माण नहीं होने से सड़क में जाम की स्थिति की वजह से आवागमन करने वालों को असुविधा हो रही है।





